संख्या—cm-225
29/03/2023

# 17 से 21 मार्च तक असामयिक वर्षा/ओलावृष्टि एवं आंधी—तूफान से हुयी फसल क्षति के भुगतान के लिये मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग को 92 करोड़ रूपये कृषि विभाग को उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

- मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग को प्रभावित किसानों के खाते में सीधे राशि अंतरित करने के दिये निर्देश।

पटना, 29 मार्च, 2023 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में 17 से 21 मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में असामयिक वर्षा/ओलावृष्टि एवं आंधी—तूफान से हुयी फसल क्षति के संबंध में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री ने दिनांक 17 मार्च 2023 को राज्य के विभिन्न जिलों में ओलावृष्टि से हुयी फसल क्षति का सर्वेक्षण तथा आंकलन कर लोगों को शीघ्र राहत पहुँचाने का निर्देश आपदा प्रबंधन विभाग एवं कृषि विभाग को दिया था।

मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक में कृषि विभाग एवं संबंधित जिलाधिकारियों द्वारा प्रभावित जिलों में फसल क्षति का विस्तृत सर्वेक्षण कराया गया। बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि कृषि विभाग द्वारा कराये गये विस्तृत सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार राज्य के छह जिलों— मुजफ्फरपुर, गया, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर एवं रोहतास जिले के कई पंचायतों में खड़ी फसल की क्षति 33 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गयी है, जिसका कुल रकबा 54 हजार 22 हेक्टेयर है।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग को प्रभावित किसानों को फसल क्षति के भुगतान के लिये 92 करोड़ रूपये की राशि कृषि विभाग को अविलम्ब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कृषि सचिव को निर्देश दिया कि वे आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली राशि को प्रभावित किसानों के खाते में शीघ्र अंतरित करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आपदा प्रबंधन विभाग, कृषि विभाग एवं संबंधित जिलाधिकारी इसका सघन अनुश्रवण करेंगे।

बैठक में मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, अपर मुख्य सचिव वित्त डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, कृषि सचिव श्री एन0 सरवन कुमार एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल उपस्थित थे।

*****